हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, सोमवार, 16 सितंबर 2024
ईद-उल-मिलादुन्नबी आज
मेट्रो सिटी

गणेशपुर में साइबर सुरक्षा पर जेएम पटेल कॉलेज की पहल

ज़िला प्रतिनिधी सुरेंद्र चिंधालोरे

भंडारा.

जे. एम. पटेल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 13 सितंबर को गणेशपुर के राजा के समक्ष साइबर सुरक्षा पर एक अनूठी पहल की. यह आयोजन सन्मित्र गणेश मंडल द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्व को उजागर किया. तकनीकी युग में जहां टेक्नोलॉजी हमारे जीवन को सरल बनाती है, वहीं साइबर अपराध भी एक बढ़ती हुई समस्या बन गई है.

इस संदर्भ में, जे. एम. पटेल कॉलेज के 30 साइबर योद्धाओं ने क्विक हिल फाउंडेशन के सहयोग से भंडारा जिले के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर 40,000 से अधिक छात्रों को साइबर सुरक्षा की शिक्षा दी. शुक्रवार की शाम को गणेशपुर के राजा के सामने आयोजित कार्यक्रम में इन साइबर योद्धाओं ने एक डांस परफॉर्मेंस के जरिए सोशल मीडिया की सुरक्षा के उपायों को दर्शाया और साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाई. कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों की जानकारी दी गई, और साइबर अपराध की सूचना देने के तरीके पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया.

इस पहल के तहत 2000 से अधिक लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास ढोमणे और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने कार्यक्रम की सराहना की. गणेशपुर ग्राम पंचायत की सरपंच विद्याताई मेहर, जिला सामान्य अस्पताल भंडारा के परामर्शदाता श्री सुरेश ठाकरे और अन्य विशिष्ट व्यक्ति भी उपस्थित थे.